**प्रेस विज्ञप्ति**

**राज भवन, राँची**

**दिनांक : 11 नवम्बर, 2025 :-**

(1) माननीय राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार से आज राज्य के माननीय मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने राज भवन में भेंट की तथा दिनांक 15.11.2025 को मोरहाबादी में आयोजित 'राज्य स्थापना दिवस समारोह' में माननीय राज्यपाल महोदय को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया।

माननीय मुख्यमंत्री ने झारखण्ड विधानसभा द्वारा पारित "झारखण्ड सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (विशेष छूट) विधेयक, 2025" पर स्वीकृति प्रदान करने हेतु माननीय राज्यपाल महोदय के प्रति आभार व्यक्त किया।

(2) माननीय राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार से आज राज्य की नवनियुक्त प्रभारी पुलिस महानिदेशक श्रीमती तदाशा मिश्रा (भा०पु०से०) ने राज भवन में शिष्टाचार भेंट की। राज्यपाल महोदय ने प्रभारी पुलिस महानिदेशक को राज्य में विधि-व्यवस्था को प्रभावी बनाये रखने हेतु आवश्यक निदेश दिए।

(3) माननीय राज्यपाल-सह-झारखण्ड राज्य के विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति श्री संतोष कुमार गंगवार ने आज परिनियम "In pursuance to UGC Regulations 2018, the revised Statutes on minimum qualifications for appointment of teachers, officers of the universities and other academic staff in universities and colleges and measures for the maintenance of standards in Higher Education-2022" (यूजीसी विनियम 2018 के अनुसरण में, विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों में शिक्षकों, विश्वविद्यालय अधिकारियों और अन्य शैक्षणिक कर्मियों की नियुक्ति के लिए न्यूनतम योग्यताओं पर संशोधित विनियम और उच्च शिक्षा में मानकों के रखरखाव के उपाय-2022) में संशोधन पर अपनी स्वीकृति प्रदान की।

(4) माननीय राज्यपाल-सह-झारखण्ड राज्य के विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति श्री संतोष कुमार गंगवार ने आज परिनियम "Amended Statute for Appointment. Promotion & Cadre Structure of Non-Teaching Staffs (7" CPC Pay Matrix Level 02 to Level 08) in the University Headquarter & their Allied Offices including Constituent/Constituent Autonomous College, 2024" में संशोधन पर अपनी स्वीकृति प्रदान की है।